आदिवासी समुदाय का सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरूकता अभियान का आयोजन

महामहिम कुलाधिपति जी की प्रेरणा फलस्वरूप तथा कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के कुशल निर्देशन में पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर द्वारा आदिवासी बाहुल्य अंगीकृत ग्राम घुघरी मंडला जिला बीजाडांडी, ब्लॉक में सिकल सेल एनीमिया पर जागरुकता अभियान एवं सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग का आयोजन दिनांक 19/9/2022 सोमवार को किया गया।

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के उद्देश्यों के अनुरूप मध्यप्रदेश में जनजातीय समुदाय के सिकल सेल एनीमिया की व्यापकता की स्थिति में अंगीकृत ग्राम घुघरी में दिशा निर्देशानुसार आयोजित हुआ जिसमें आदिवासी समुदाय में होने वाली अनुवांशिक बीमारी सिकल सेल एनीमिया पर पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने जागरुकता भी फैलाई। शिविर में मानव जाति एवं पशुओं में होने वाली ज्यूनोटिक बिमारियों पर भी आदिवासी समुदाय को संबोधित किया गया। अभियान में कुल 30 आदिवासियों के खून के सैंपल कि स्क्रीनिंग की गयी, इस पशु स्वास्थ उपचार शिविर एवं जागरुकता अभियान का संचालन एवं आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा के नेतृत्व एवं वैज्ञानिकों डॉ. अनिल गट्टानी, डॉ. रुचि सिंह, एवं महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही। साथ ही आदिवासी समुदाय की सिकल सेल एनीमिया कि लिये स्क्रीनिंग में श्री विजय चौकसे, आशीष यादव, क्षेत्र सहायक एवं आशा कार्यकर्ता श्रीमती सुलोचना वरकड़े एवं ब्लॉक मेडिकल टीम का सहयोग एवं उनकी उपस्थिति सराहनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर